RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 146 • 08:06:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## ईवीएम को आराम करने दो, अगले चुनाव में फिर गाली खाएगी

### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बोले-अब तो परिणाम सबके सामने है



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न हो चुके हैं। भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अधिसूचना भी सौंप दी है। इसी बीच मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर उठने वाले सवालों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ईवीएम को अब आराम करने दीजिए, क्योंकि अगले चुनाव में फिर उसे गाली खानी है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान आयुक्त कुमार ने कहा, अब तो सबके सामने है। अब तो सबको पता है। उसको बेचारी को क्यों पीटना है। उसको उससे दूर रहते हैं। थोड़े दिन उसको भी आराम करने दीजिए। अगले चुनाव में बाहर आएगी। फिर उसी तरह से उठेगी, बैटरी बदलेंगे, पेपर बदलेंगे, फिर वो गाली खाएगी। फिर वो अपना रिजल्ट अच्छे से दिखाएगी। उन्होंने आगे कहा, पिछले 20-22 इलेक्शन से ऐसे रिजल्ट दिखा रही है। सरकार एक जगह से दूसरी जगह बदलती चली जाती हैं पूरे राज्यों में बहुत सारों में। तो उसका शायद जब मुहूर्त ऐसा था जब जन्म हुआ तब ऐसा था कि उसे गाली खानी है। वो बहुत भरोसेमंद चीज है और तटस्थ हो चुकी है और अपना काम करती रहती है। पीटीआई भाषा के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने हिंसा मुक्त लोकसभा चुनाव को गुरुवार को महात्मा गांधी को समर्पित किया और कहा कि आयोग ने देश में अशांति पैदा कर सकने वाली अफवाहों एवं बेबुनियाद संदेहों से चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतार देने की कोशिश को पूरी तरह विफल कर दिया। आयुक्त कुमार और चुनाव आयुक्त द्वय ज्ञानेश कुमार एवं एसएस संधू राष्ट्रपति मुर्मू को 18 वीं लोकसभा के गठन की अधिसूचना सौंपने के बाद महात्मा गांधी के स्मारक गए।



मंगलवार को घोषित हुए नतीजों के मुताबिक, देश की 543 लोकसभा सीटों में से 293 एनडीए यानी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के खाते में आई हैं। जबकि, 233 सीटें विपक्षी गठबंधन इंडिया को मिली हैं।

## बाजार में बहार, सेंसेक्स 2 फीसदी से ज्यादा उछला

- रिकॉर्ड 76,795 पर पहुंचा, लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले के स्तर को पार किया, निफ्टी 23,290 पर बंद



**मुंबई (एजेंसी)।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी, 7 जून को बाजार ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 76,795 के स्तर पर पहुंचा। हालांकि, बाजार बंद होने पर सेंसेक्स 1,618 अंक की बढ़त के साथ 76,693 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी कारोबार के दौरान करीब 500 अंकों की बढ़त देखने को मिली और ये 23,320 के स्तर पर पहुंचा। बाद में बाजार बंद होने पर निफ्टी 468 अंक की बढ़त के साथ 23,290 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में तेजी है। आज सबसे ज्यादा तेजी आईटी और ऑटो शेयरों में है। एम एन्ड एम का शेयर सबसे ज्यादा 6 फीसदी चढ़ा है। वहीं आईटी कंपनी विप्रो और टेक महिंद्रा में करीब 5 फीसदी की तेजी है। टाटा स्टील, इंफोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 4 फीसदी से ज्यादा चढ़े हैं। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है।

## राष्ट्रपति ने मोदी को दिया नई सरकार बनाने का न्योता

- 9 जून को शपथ ग्रहण; पीएम ने कहा-18वीं लोकसभा कुछ कर गुजरने वाली रहेगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद अब सरकार बनाने की कवायद चल रही है। इसी क्रम में संसद भवन में एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इस बैठक में एनडीए के तमाम घटक दल के नेता शामिल हुए और राजनाथ सिंह की ओर से पीएम मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता नामित करने के प्रस्ताव का समर्थन किया गया। इस निर्णय के बाद एनडीए की ओर से सरकार बनाने का दावा पेश किया। एनडीए की तरफ से नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने मोदी को सरकार बनाने का न्यौता दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने घोषणा की कि 73 वर्षीय मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

## पीएम मोदी ने आंकड़ों से राहुल गांधी को दिखाया 'आईना'

- कहा-कांग्रेस को 2014 से 2024 तक जितनी सीटें मिलीं, उससे ज्यादा ले आए, फिर हारे कैसे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के उस नैरेटिव पर हमला बोला है, जिसके तहत कहा जा रहा है कि देश ने भाजपा के खिलाफ जनादेश दिया है। एनडीए का नेता चुने जाने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि आप सोचिए कि 10 साल बाद भी कांग्रेस 100 के आंकड़े को नहीं छू पाई। 2014, 2019 और 2014 के तीन चुनाव में जितनी सीटें उन्हें मिली हैं, उससे ज्यादा हमें इस चुनाव में मिली हैं। मैं साफ देख रहा था कि पहले तो ये लोग डूब रहे थे, अब तेज गति से गर्त में जाने वाले हैं। उन्होंने कहा, दो दिन ऐसा माहौल बना दिया कि जैसे हम तो गए। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो यह सबसे मजबूत गठबंधन की सरकार है। लेकिन कोशिश यह की गई कि इस विजय को स्वीकार न किया जाए। इसको पराजय की छाया में डुबा कर रखा जाए। लेकिन ऐसी चीजों की बाल मृत्यु हो जाती है। मोदी ने कहा कि हम न हारे थे और न हारे हैं।



### एनडीए के नेता चुने गए मोदी, नीतिश-चंद्रबाबू ने किया समर्थन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की संसदीय दल का लगातार तीसरी बार नेता चुना गया। पुराने संसद (संविधान सदन) के सेंट्रल हॉल में सुबह 11 बजे शुरू हुई मीटिंग में 13 दलों के नेता शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा– मुझे नया दायित्व देने के लिए आभार। मेरा एक ही लक्ष्य है– भारत माता और देश का विकास। बैठक में एनडीए के सभी 293 सांसद, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वागत भाषण दिया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। अमित शाह ने इसका समर्थन किया और नितिन गडकरी ने अनुमोदन किया। जेडीएस अध्यक्ष कुमारस्वामी ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

## केजरीवाल को रेगुलर बेल के लिए करना होगा और इंतजार

- 14 जून तक टली सुनवाई, दिल्ली के सीएम की बढ़ गई मुश्किल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए और इंतजार करना होगा। राउज एवेन्यू की स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को इस केस की सुनवाई करते हुए केजरीवाल की नियमित जमानत को 14 जून तक के लिए टाल दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और अतिरिक्त लोक अभियोजक जोहैब हुसैन पेश हुए।



वहीं, केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील हरिहरन अपना पक्ष रखा। हरिहरन ने अदालत से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से उन्हें कुछ देर पहले ही रिप्लाई मिला है। ऐसे में मामले को अवकाश जज के पास भेज दिया जाए।

## छत्तीसगढ़ में मॉब-लिंचिंग 2 युवकों की हो गई मौत

- मवेशी ले जाने पर 10-12 लड़कों ने पीछा किया फिर जमकर पीटा; महानदी में मिली लाश

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में दो युवकों की मॉब लिंचिंग में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को आरंग थाना इलाके में 3 लोग ट्रक में मवेशी भरकर ले जा रहे थे। इसी दौरान 10 से 12 लड़कों ने उनका पीछा किया और फिर ट्रक को महानदी पुल पर घेर लिया। इसके बाद कई लड़कों ने ट्रक में सवार 3 लोगों की जमकर पिटाई कर दी। इनमें से एक युवक की लाश महानदी में मिली वहीं एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है जिसका रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज जारी है। फिलहाल दोनों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के बाद मौत की असल वजह सामने आ पाएगी। जानकारी के मुताबिक, ये पूरी घटना शुक्रवार रात ढाई बजे के करीब की है।

### आ गई खुशखबरी

## 250 किमी प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ेगी 'वंदे भारत बुलेट ट्रेन'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे लोकप्रिय वंदे भारत ट्रेन के ऐलान के बाद लोग बुलेट ट्रेन की सौगात का इंतजार कर रहे हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि भारतीय रेलवे ने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) को चालू वित्त वर्ष के भीतर दो मानक-गेज बुलेट ट्रेनों का घरेलू उत्पादन करने का काम सौंपा है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक, यह निर्णय तब लिया गया जब जापान के साथ बुलेट ट्रेन की डील में बाधाएं आने लगीं। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीएफ में 250 किलोमीटर की स्पीड से चलने वाली ट्रेन का निर्माण करेगा। खास बात यह कि इस बुलेट ट्रेन को वंदे भारत के प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जाएगा। इन ट्रेनों को 1.08 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरीडोर पर चलाने का इरादा है। संभावना है कि इन ट्रेनों का निर्माण वंदे भारत प्लेटफॉर्म का उपयोग करके किया जाएगा। वंदे भारत का मौजूदा प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से आईसीएफ को ट्रेन सेट की डिलीवरी में लगने वाले समय कम हो जाएगा। हालांकि, रिपोर्ट की मानें तो विशेषज्ञों का कहना है कि इस वित्तीय वर्ष के भीतर उनके के लिए इन ट्रेनों की आपूर्ति करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा।



## कश्मीर से भी ज्यादा केरल में हुआ बीजेपी कार्यकर्ताओं पर जुल्म

- 1 सीट मिलने पर भी गदगद हैं मोदी, एलडीएफ और यूडीएफ दोनों को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एनडीए के सभी दलों को धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के परिणाम पर राज्यों के हिसाब से विवरण देते हुए केरल के नतीजों को काफी सराहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा और एनडीए के कार्यकर्ताओं ने केरल में जितना जुल्म सहा है, उतना जुल्म कश्मीर में भी नहीं हुआ है। उन्होंने इसके लिए एलडीएफ और यूडीएफ को निशाने पर लिया। केरल की दो सीटों पर बीजेपी ने काफी शानदार प्रदर्शन किया। त्रिशूर लोकसभा सीट जीतकर इतिहास रच दिया है।

## इधर-उधर कुछ लोग जीते हैं, आप उन्हें भी हरा देंगे

### एनडीए की मीटिंग में बिहार सीएम नीतिश कुमार का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद भवन में शुक्रवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान नीतिश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, एकनाथ शिंदे, चिराग पासवान सहित एनडीए के तमाम घटक दलों के नेताओं ने नरेंद्र मोदी के नाम का समर्थन देश के अगले प्रधानमंत्री पद के लिए किया। इस दौरान नीतिश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पूरी तरह से आपके साथ हूं। 10 साल में आपने काफी काम किया है। आने वाले समय में जो भी कुछ काम बचा है उसे आप पूरा करेंगे। ऐसा करके आप विरोधियों के लिए कोई जगह नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी जेडीयू नरेंद्र मोदी जी को भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देती है। इन्होंने पूरे देश की सेवा की है। हम पूरे तौर पर इनके साथ रहेंगे। लोग बिना मतलब के बात बोल रहे हैं। नीतिश कुमार ने कहा कि आप अगली बार जब आएंगे तो सब जीत जाएंगे।



## मानहानि केस में राहुल गांधी को बड़ी राहत

- कर्नाटक की एक विशेष अदालत ने दी जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामला पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख अखबारों में कथित रूप से 'अपमानजनक' विज्ञापन जारी करने से संबंधित है।

## आरएसएस ने फड़णवीस पर ही जताया भरोसा

### महाराष्ट्र चुनाव तक बने रहेंगे उप मुख्यमंत्री

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने कि पेशकश करने के बाद आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक फड़णवीस के घर पहुंचे। फड़णवीस के घर पर बंद दरवाजों के पीछे यह बैठक करीब दो घंटे चली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सूत्रों ने उपमुख्यमंत्री के घर हुई इस मीटिंग के बारे में जानकारी दी लेकिन इसे केवल एक सामान्य बैठक बताया। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अतुल लिमाए इस बैठक का हिस्सा थे, पार्टी के सूत्रों की मानें तो यह बैठक फड़णवीस के इस्तीफे की पेशकश के बारे में थी, संघ ने फड़णवीस को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तक पद पर बने रहने की सलाह दी क्योंकि ऐसे उनका पद छोड़ देने से मतदाताओं के बीच में गलत संदेश जाएगा। खराब प्रदर्शन और आने वाले चुनावों के लिए रणनीति बनाने पर भी चर्चा हुई।



### कनाडा में इंदिरा की हत्या का चित्रण, भारत नाराज

## भारतीय कौंसुलेट के बाहर खालिस्तानियों का प्रदर्शन

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा में खालिस्तानियों की हरकत लगातार भारत की चिंताएं बढ़ा रही है। ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर गुरुवार को खालिस्तानी तत्वों ने वैंकुवर में स्थित भारतीय कौंसुलेट के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान इन अलगाववादी तत्वों ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या को दिखाने वाली तस्वीरें प्रदर्शित कीं। अब भारत सरकार ने इस मामले को औपचारिक तौर पर कनाडा से उठाने का फैसला लिया है। इस प्रदर्शन के दौरान इंदिरा गांधी को गोलियों से छलनी करने का चित्रण किया गया। इंदिरा गांधी की उनके ही दो सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। इन हत्यारों में से एक बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह खालसा को पंजाब की लोकसभा सीट से जीत मिल गई है। अलगाववादियों की हिम्मत और कनाडा में उन्हें मिल रहे बढ़ावे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वे भारतीय कौंसुलेट के बाहर जमा हुए। भारत विरोधी नारे लगाए। वैंकुवर के अलावा टोरंटो में भी ऐसा ही प्रदर्शन हुआ। इसमें इंदिरा गांधी की हत्या के चित्रण वाली तस्वीरें तो नहीं दिखाई गईं, लेकिन वहां जुटे लोगों के हाथों में खालिस्तानी झंडे थे और नारेबाजी कर रहे थे। भारत के एक वरिष्ठ राजनयिक ने कहा कि हम इस मामले में शिकायत करेंगे। बता दें कि 40 साल पहले भारतीय सेना ने खालिस्तानियों के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था।



## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी को किया फोन

- स्विटजरलैंड के पीस समिट में शामिल होने की अपील की, यूक्रेन आने का न्योता दिया

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने गुरुवार को पीएम मोदी को फोन कर लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई दी। इसके बाद उन्होंने 15-16 जून को स्विटजरलैंड में होने वाले शांति सम्मेलन में भारत की भागीदारी की अपील की। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मैंने पीएम मोदी को भारत में जल्द से जल्द सरकार बनाने के लिए शुभकामनाएं दीं, जिससे वे भारतीयों के विकास के लिए काम करते रहें। हमने ग्लोबल पीस समिट पर भी बात की। मुझे उम्मीद है कि भारत इसमें जरूर शामिल होगा। इसके अलावा जेलेंस्की ने पीएम मोदी को यूक्रेन का न्योता भी दिया। जेलेंस्की के बधाई संदेश पर पीएम मोदी ने उनका शुक्रिया अदा किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में मोदी ने कहा, राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात करके खुशी हुई। मैंने आम चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर बधाई के लिए उन्हें धन्यवाद कहा।



## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीणों ने मोबाइल चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**चाणक्यभूमि बैरिया।** बैरिया थाना क्षेत्र में मोबाइल चोर को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला थाना क्षेत्र के तुमकडिया गांव की है। पुलिस को आवेदन देकर ईसराफील गद्दी ने बताया कि मेरे घर में बुधवार के शाम शाहिद आलम के 20 वर्ष से पुत्र परवेज आलम मोबाइल चोरी कर रहा था। तभी मेरे घर के परिजनों के द्वारा देखा गया हला करने पर चोर भागने लगा ग्रामीणों के सहयोग से चोर को पकड़ लिया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोर को अपने साथ थाना लाया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मोबाइल चोर से पूछताछ के बाद मामले में प्राथमिक की दर्ज कर शुक्रवार के दिन जेल भेजा जा रहा है।

### छापेमारी के दौरान चोरी के बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि योगापट्टी सवंददाता।** योगापट्टी प्रखंड के हरपुरवा बंगाली गांव से चोरी की बाइक के साथ चोरी में संलिप्त दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुछताछ के बाद जेल भेज दिया। साथ ही पुलिस बाइक को जप्त कर कागजात की तहकीकात में जूट गयी है। गिरफ्तार दोनों चोर थाना क्षेत्र के बंगाली चौक गांव निवासी सहदेव शर्मा और गोपाल दास बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष कंचन भास्कर ने बताया कि प्रखंड के अहिरौली डूमरी गांव से गायब हुए बाइक की तलाश में पुलिस बाइक चोर गिरोह के संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में अहिरौली डूमरी गांव के बाइक गायब हुए बाइक मालिक के द्वारा बाइक चोरी के नये गिरोह के ठिकाने का पता चला। जिसके बाद उसके द्वारा पुलिस को सुचना दी गई। पुलिस ने सुचना के आधार पर छापेमारी कर उक्त बाइक को गिरफ्तार चोर के घर से बरामद किया गया। पुछताछ में पुलिस को बाइक चोरों द्वारा बाइक की चोरी करने और उसे अलग अलग पार्ट कर बेचने की बात को स्वीकार किया गया। पुछताछ के बाद दोनों गिरफ्तार बाइक चोर सहदेव शर्मा और गोपाल दास को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### विवाहिता के साथ मारपीट को ले सास और ननद पर मामला दर्ज

**चाण्क्य भूमि (मैनाटाड़)।** इनरवा थाना क्षेत्र के पिडारी गांव में विवाहिता को मारपीट कर घायल कर देने के मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर सास और ननद पर केस दर्ज किया गया है। पीड़िता महिला कमरून नेशा के फर्दबयान पर उसकी सास सलमा खातुन और ननद नजरीना खातुन को नामजद किया गया है। दर्ज केस में पीड़िता ने बताया है कि बराबर किसी न किसी बात को लेकर सास और ननद हमको प्रताड़ित करते रहते हैं। कहते हैं कि भिखमंगी की बेटी है।शादी में तुम्हारा पिताजी कुछ नहीं दिये है। यहां पर तुम्हारा हिस्सा नहीं है।जब इन बातों को मैंने विरोध किया तो सास सलमा खातुन और ननद नजरीना खातुन ने मिलकर मुझे मारपीट कर घायल कर दिया।इधर इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले को लेकर सास और ननद के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ने निजी विद्यालय का किया निरीक्षण

**चाण्क्य भूमि(मझौलिया)।** मझौलिया ।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफीजुर्रहमान ने शुक्रवार को प्रखंड स्थित निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया। रामेश्वर दयाल मध्य विद्यालय मझौलिया सहित अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय भवन पेयजल की सुविधा शौचालय की सुविधा, खेल मैदान विद्यालय की चहार दीवारी पुस्तकालय विद्यालय कार्यालय वर्ग कक्ष में टेबल कुर्सी बेंच डेस्क की व्यवस्था सहित बच्चों के लिए खेलकूद आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के कागजातों भूमि संबंधी दस्तावेज विद्यालय स्थापना संबंधी कागजात नामांकन पंजी यू . डायस संबंधी कागजात छात्र उपस्थिति पंजी शिक्षक पंजी आदि का भी विस्तार पूर्वक जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान केआरपी उपेंद्र शुक्ला , सचिव इनरमन प्रसाद चौरसिया , प्रधानाध्यापक श्रीठाकुर , उप प्रधानाध्यापक अनिल कुमार शर्मा , संजय पांडे , धनंजय कुमार , गुड़िया कुमारी ,अंजली कुमारी ,अंजिता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रवन्धक का बिदाई समारोह,उमड़ी भीड़

**चाणक्यभूमि मझौलिया** । उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक मझौलिया के शाखा प्रबंधक अरुण कुमार के स्थानांतरण पर बैंक कर्मियों सहित समाजसेवियों ने फूल माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि लोगों को हमेशा सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर संतोष कुमार तिवारी , वार्ड सदस्य मनोज पांडेय , कैशियर अमरेंद्र कुमार , लालू यादव , मनोज पांडेय , शिवशंकर सिंह, चुमन यादव ,हरि ओम प्रसाद , रूपेश कुमार यादव, बिंदु यादव , अच्छे लाल ,ज्ञानचंद महतो , रबिन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे ।

### विवाहिता को उसके पुत्र के साथ किया अगवा

**जंदाहा।** महिसौर थाना के गौसपुर गांव से एक विवाहिता को उसके पुत्र के साथ गलत नीयत से एक मोबाइल नंबर धारक द्वारा अपहरण कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में अगवा गई विवाहिता के भाई तिसिऔता थाना के चपता निवासी दीपक राय ने एक मोबाइल धारक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध महिसौर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया है कि उनकी बहन की शादी 10 वर्ष पूर्व गौसपुर निवासी महादेव राय के पुत्र मुकेश राय के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। बताया गया है कि विगत 23 मई 2024 को उनकी बहन एवं बहनोई के बीच आपसी विवाद हो गया था। जिसके कारण उनकी बहन गुस्सा होकर अपने पुत्र के साथ अपने ससुराल से चली गई। बताया गया है कि उनकी बहन ना तो उनके घर पहुंची और ना ही किसी अन्य रिश्तेदार के घर पहुंची। सूचना पर सगे संबंधी के यहां खोजबीन किया गया लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। बताया गया है कि करीब दो माह पूर्व एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल से उनकी बहन के मोबाइल पर 2000 भेजा गया था। दर्ज प्राथमिकी में विश्वास जताया गया है कि उनकी बहन को उनके पुत्र सहित अज्ञात व्यक्ति मोबाइल धारक द्वारा गलत नीयत से अपहरण कर लिया गया है। बताया गया है कि उनकी बहन अपने साथ अपना मोबाइल भी ले गई है। दर्ज प्राथमिकी में अज्ञात मोबाइल धारक व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उनकी बहन को पुत्र सहित सकुशल बरामद की की मांग की गई है। पुलिस मामले के अनुसंधान में लगी है।

### करंट लगने से उप मुखिया की मौत, देर रात खेत में कर रहा था पटवन, वैशाली के बिदुपुर थाना की घटना

**हाजीपुर।** वैशाली में करंट लगने से देर रात किसान सह उप मुखिया की मौत हो गई। दरअसल किसान खेत में पटवन कर रहा था और मोटर को बंद करने के दौरान घटना हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद इलाज के लिए स्थानीय बिदुपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के बाजीतपुर पंचायत की है। मृतक थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी सुखदेव सिंह का बेटा शंभू शरण बताया जा रहा है। जो कि मौजूदा समय में बाजितपुर पंचायत का उप मुखिया भी है। इधर घटना की जानकारी बिदुपुर थाने की पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। वहीं थाना अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि करंट लगने से किसान की मौत हुई है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# BTSC के बाहर सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

## ITI अनुदेशक भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग




♦ आयोग पर बहाना बनाने का आरोप

एजेंसी, पटना।

बिहार तकनीकी सेवा आयोग के बाहर शुक्रवार को आईटीआई अनुदेशक परीक्षा का रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने कहा कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने सितंबर 2023 से जनवरी 2024 में अयोजित ऑनलाइन परीक्षा का रिजल्ट जारी नहीं किया है। जबकि परीक्षा की उत्तर कुंजी और आपत्ति आदि का कार्य माह जनवरी 2024 में पूर्ण हो चूका है। आयोग कोई ना कोई बहाना बना रहा है। जबकि बिहार लोक सेवा आयोग केवल तेज गति से सरकार के संकल्प के अनुसार तेज गति से भर्ती पूर्ण कर रहा है।

**आचार संहिता खत्म हो गया:** आचार संहिता में भी उनके सारे कार्य चल रहे थे। दूसरी तरफ बिहार तकनीकी सेवा आयोग के अधिकारी द्वारा आईटीआई अनुदेशक भर्ती का परीक्षा परिणाम तैयार होने परन्तु जारी करने के लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेने की जानाकारी दी जा रही थी, जो की चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुरुप सही नहीं था। अब तो दिनांक 04 जून को चुनाव परिणाम के साथ ही आचार संहिता समाप्त हो चुकी है।

अन्य विभाग की भर्ती बाद में आई। उनकी नियुक्ति कई महीने पहले हो गया था। आखिर क्या कारण है विभाग की अनुदेशक भर्ती कई वर्षों से लटकी हुई है। हम सभी ने तय किया था कि हमे बार बार पिछले कई महीनों से झूठे आश्वासन के बाद अगर बीटीएससी जल्द रिजल्ट जारी नहीं करता है। तो आने वाले दिनों में और भी ज्यादा उग्र होकर हम लोग प्रदर्शन करेंगे।

# दानापुर में ऑटो लिफ्टर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।



♦ गोल्ड का लालच देकर महिला को बनाया था शिकार, स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

दानापुर के सगुना मोड़ पुलिस चौकी के पास ऑटो लिफ्टर गैंग के दो सदस्यों ने सोने का बिस्किट का लालच देकर एक महिला से उसके जेवरात उतरवा लिए। ठगी का अहसास होने पर महिला ने शोर मचाया, तो स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान इशोपुर निवासी मोहम्मद मिराज उर्फ टकला और राजा बाजार के मोहम्मद राजू के तौर पर हुई है। मौके से ऑटो चालक फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

**जेल में बंद पति से मुलाकात के बाद घर लौट रही थीं:** बिहटा निवासी पीड़िता कुसुम देवी ने बताया कि वट सावित्री की पूजा करने के बाद जेल में बंद अपने पति से मिलने गई थी। वहां से लौटते समय फुलवारी शरीफ गोलंबर पर ऑटो पकड़ा था। गाड़ी में एक शख्स पहले से मौजूद था। दानापुर पहुंचने से पहले एक और यात्री गाड़ी में बैठा। इस बीच गाड़ी में पहले से मौजूद यात्री ने कहा कि सफेद रूमाल में सोने का बिस्किट किसका गिरा हुआ है।

**शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने पकड़ा:** ऑटो चालक ने दूसरे यात्री से कहा कि इसमें सोने का बिस्किट है, आप खरीद लीजिए। इस पर उसने 20 हजार कैश और सोने का चेन देकर खरीद लिया। इस दौरान उनलोगों ने मुझे भी गोल्ड खरीदने का ऑफर दिया और मेरे पास से कान की बाली ले लिया। सगुना मोड़ के पास एक यात्री उतरा गया। उसके कुछ देर बाद दूसरा भी उतर गया और मुझे देखकर भागने लगा। मुझे कुछ शक हुआ। शोर मचाने पर लोगों ने खदेडकर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

# सनकी प्रेमी ने प्रेमिका समेत बड़ी बहन को चाकू गोदा

एजेंसी, पटना।



घायल लड़कियों की बहन ने कहा- आरोपी ने दीदी के मंगेतर के घर फोन कर कहा था- शादी नहीं करना

पटना के दीघा थाना क्षेत्र के राम जी चक इलाके में एक सनकी प्रेमी ने प्रेमिका को चाकू से गोद दिया। विरोध करने पर बड़ी बहन पर भी हमला कर दिया। इससे दोनों बहन जख्मी हो गई है। दोनों को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है। आरोपी गोविंद शुक्रवार को करीब 11 बजे घर में घुस कर वारदात को अंजाम दिया। घायलों की बहन ने बताया कि उसकी बहन पूजा का छेका कुछ दिन पहले ही हुआ था। शादी रोकने के लिए आरोपी गोविंद ने दीदी के मंगेतर के घर भी फोन कर दिया था। उसने कहा था कि इस लड़की से शादी मत करना। कई लड़कों से बातचीत करती है। इसको लेकर गोविंद और पूजा के परिजनों के बीच पहले नोकझोंक भी हुई थी।

**पीएमसीएच में भर्ती:** जख्मी युवतियों की बहन के मुताबिक, दीदी को पेट मे कई बार चाकू मारा है। इस वजह से पेट का आंत बाहर आ गया है। सीने पर भी कई बार चाकू से हमला किया है। स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने पीएमसीएच में गंभीर स्थिति भर्ती कराया है। इस मामले को लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## मंदिरी नाला निर्माण में देरी पर भड़के मंत्री नितिन नवीन

# अधिकारियों से बोले- विशेष ध्यान देने की जरूरत है, इस प्रोजेक्ट पर सरकार की खास नजर है

एजेंसी, पटना।



लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद नगर विकास मंत्री नितिन नवीन एक्शन मोड में है। शुक्रवार को ड्रीम प्रोजेक्ट मंदिरी नाला का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान निर्माण कार्य की धीमी गति और लोगों की परेशानियों को देखकर भड़क गए। अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता मंदिरी नाला का निर्माण है। इस पर सरकार की खास नजर है।

**काम पर विशेष ध्यान देने की जरूरत:** उन्होंने आगे कहा कि 15 जून 2025 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण कार्य में देरी ना हो उसके लिए प्रत्येक सप्ताह मॉनिटरिंग किया जाएगा। जो भी कमियां है उसे दूर किया जाएगा। स्थानीय लोग भी परेशान हैं। कुछ लोगों ने शिकायत भी किया है। ऐसे में इस काम पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

**लोगों का सपना साकार होने के कगार पर:** मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि लंबा समय जरूर लगा, लेकिन मंदिरी के लोगों का सपना साकार होने के कगार पर है। मंदिरी नाला को ढंक कर इसके ऊपर सड़क निर्माण का कार्य बहुत जल्द पूरा होगा। इस सड़क को जेपी गंगा सेतु से जोड़ने का काम भी बहुत जल्द पूरा होगा। मानसून को लेकर एक हफ्ते बाद काम बंद होगा। बचे हुए काम को दो शिफ्ट में पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान नगर विकास आयुक्त आनंद किशोर, नगर निगम आयुक्त अनिमेष पराशर समेत विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# 7 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, इस बार सामान्य से 45 फीसदी अधिक होगी बारिश

एजेंसी, पटना।



वैशाली का पारा 41 के पार

बिहार के अधिकांश जिलों में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग ने बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल में गर्म दिन रहने की संभावना जताई है। साथ ही पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जबकि पटना सहित दक्षिणी और उत्तरी भागों के कुछ स्थानों पर उमस भरी गर्मी का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक इस साल बिहार में सामान्य से 45 फीसदी अधिक बारिश होगी। जून से सितंबर के बीच करीब 1400 एमएम बारिश होने की संभावना है। जून-जुलाई में कम, लेकिन अगस्त और सितंबर में झमाझम होगी। इसकी वजह यह है कि भारत और बिहार में इस बार ला-नीना का असर पड़ेगा। ला-नीना की वजह से भारत में मानसूनी सीजन में बारिश अधिक होती है। यह पूर्वानुमान दिल्ली स्थित भारतीय मौसम विभाग का है।

**पटना में आज कैसा रहेगा मौसम:** पटना में आज पूरे दिन मौसम शुष्क बना रहेगा। उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी। अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान पटना का न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री और अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम:** 8 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है। 9 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों लू की संभावना। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है। 10 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग जहानाबाद और गया जिलों के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है।

# जमीन कारोबारी हत्याकांड का CCTV फुटेज आया सामने

## बीच सड़क पर अपराधियों ने मारी थी गोली

एजेंसी, पटना।



पटना सिटी के खाजेकलां थाना क्षेत्र में गुरुवार को अपराधियों ने जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें साफ दिख रहा है कि तीन की संख्या में मौके पर पहुंचे अपराधी पहले कारोबारी से कुछ देर बात करते है, फिर बीच सड़क पर गोली मारकर फरार हो जाते हैं। घटना नवाब बहादुर रोड की है। वारदात के 24 घंटे बाद भी किसी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मृतक की पहचान खाजेकलां निवासी औरंगजेब उर्फ मुनमुन (45) के तौर पर हुई है। मुनमुन गुरुवार को दोपहर के समय अपने घर से बाजार की ओर जा रहे थे। इस दौरान अपराधियों ने पहले उन्हें रोककर कुछ देर बात की फिर गोली मार दी। गोली लगते ही औरंगजेब जमीन पर गिर गया।

**मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है:** मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रभात रंजन सक्सेना दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन करने में जुटी है। जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नगर निगम के कर्मचारियों ने हड़ताल की धमकी दी

एजेंसी, पटना।



नगर निगम में एजेंसी के माध्यम से कार्यरत 500 से अधिक कर्मियों को अचानक हटाने पर पटना नगर निगम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ ने आपत्ति जताई है। गुरुवार को बैठक में संघ और पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वयन समिति के प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने कहा कि समझौता लागू करने और कर्मियों के लाभ का पत्र जारी करने में चुनाव आचार संहिता थी।

**कथनी और करनी में आसमान जमीन का फर्क:** लेकिन, कर्मियों के पेट पर लात मारने के लिए आचार संहिता बाधक नहीं बनी। नगर आयुक्त ने वेतन वृद्धि का पत्र दो दिन में निर्गत करने की बात कही थी, लेकिन आज तक नहीं किया गया। उनकी कथनी और करनी में आसमान जमीन का फर्क है। संघ के महासचिव मंगल पासवान ने कहा कि एक बार फिर से हमें संघर्ष के लिए कमर कस लेनी है। बैठक की अध्यक्षता राकेश कुमार ने की।

**अनिश्चितकालीन हड़ताल हो सकता है:** तय किया गया कि तीन दिन के अंदर समन्वय समिति की बैठक कर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। उधर, समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रामजतन प्रसाद, संयोजक मंगल पासवान ने कहा कि अगर नगर आयुक्त ने कर्मियों को परेशान करना बंद नहीं किया तो फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का सामना निगम प्रशासन को करना पड़ सकता है।

# विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष एग्रेंद्र कुमार मिश्र और शिव कुमार सचिव बने





चाणक्य भूमि बेतिया

आज हुये बेतिया विधिज्ञ संघ के चुनाव में मतगणना की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई। विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष एग्रेंद्र कुमार मिश्र उर्फ विनोद मिश्रा और शिव कुमार को सचिव पर निर्वाचित किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अजय कुमार दुबे ने बताया कि अध्यक्ष पद पर एग्रेंद्र कुमार मिश्र ने 628 मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजबल्लभ राव को 376 मतों के अंतर से पराजित किया है। जबकि सचिव पद शिव कुमार को 411 वोट और योगेश प्रसाद को 379 मत मिले इस तरह शिव कुमार सचिव पद पर 32 मतों से विजयी रहे है। जीत की घोषणा होते ही नव निर्वाचित पदाधिकारियों के चेहरे खिल उठे। वहीं, समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



# बिहार में आसमान से बरसी आफत, ठनका गिरने से तीन की मौत, आंधी और बारिश से काफी नुकसान

**पटना, एजेंसी।** उत्तर बिहार के कई जिलों में आंधी व बारिश से भारी क्षति हुई है। पूर्वी चंपारण के सुगौली के अमीर खां डाकबंगला टोले में पेड़ गिरने से महिला की मौत हो गयी। इस हादसे में छह लोग घायल हो गये हैं। वहीं, बगहा पुलिस जिले बकुली पंचगांवा में खेत गए किसान अमर साह की मौत हो गई। उनके शरीर पर ही ठनका गिर गया। सीतामढ़ी के रीगा में भी ठनका चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। आंधी-बारिश से जिलों में सौ से अधिक घरों के छप्पर उड़ गए। पांच से छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। आम व लीची की फसलों को काफी क्षति हुई है। हालांकि, बारिश से खरीफ की खेती में जुड़े किसानों व सब्जियों की खेती को लाभ पहुंचा है।

पूर्वी चंपारण के सुगौली, तेतरिया, मधुबन व ढाका प्रखंडों में आंधी व बारिश से काफी क्षति पहुंची है। मधुबन प्रखंड में दर्जनों पेड़ गिर गए। जगह-जगह बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। कई घरों के छप्पर उड़ गए हैं। पेड़ों के गिरने से कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तेतरिया प्रखंड में सौ से अधिक घरों के एस्बेस्टस क्षतिग्रस्त हो गये हैं। कई मवेशियों की मौत हो गयी है। तेतरिया प्रखंड की घेघवा पंचायत के मोलनापुर में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से पांच घर जल गये। सीतामढ़ी जिले के बोखड़ा प्रखंड में आंधी से कई घरों के छप्पर उड़ गए। सड़क पर बिजली का ट्रांसफार्मर गिर गया। इससे आपूर्ति ठप हो गई। सीतामढ़ी के रीगा की रेवासी पंचायत के पकड़ी धनुखि टोला में ठनका गिरने से धनुषी टोला वार्ड-2 निवासी सुरेंद्र सहनी की पत्नी संगीता देवी (40) की मौत हो गई। मधुबनी में बीती रात साढ़े तीन बजे तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। तेज हवा के कारण आम को नुकसान हुआ है। गुरुवार सुबह 10 बजे भी अच्छी बारिश हुई। इससे शहर की सड़कों पर जलजमाव हो गया। रांटी, मंगरौनी, करहिया पूर्वी, बिस्फी, बेनीपट्टी, झंझारपुर, पंडौल सहित कई फीडरों में ब्रेक डाउन हो गया। दरभंगा जिले में आंधी के कारण भारी क्षति हुई है। कई जगहों पर पेड़ गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया। कई घरों की छत से एस्बेस्टस उड़ गए हैं। कई लोग चोटिल भी हुए हैं। सड़क पर बिजली के पोल और तार टूटकर लटक गए, जिससे आवागमन बाधित हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### किशनगंज के व्यक्ति की मक्का मदीना में मौत :मई में हज के लिए निकले थे, लिफ्ट टूटने से गई जान

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज से हज करने गए एक व्यक्ति की लिफ्ट टूटकर गिरने से साउदी अरब के मक्का मदीना में मौत हो गई है। मृतक की पहचान कोचाधामन प्रखंड के माराडांगा निवासी अब्दुल लतीफ ( 60 वर्ष ) के रूप में हुई है। मृतक अब्दुल लतीफ पिछले महीने मक्का शरीफ में हज के लिए निकले थे, जहां लिफ्ट टूटकर गिरने से उनके सिर पर गंभीर चोट आई और उनके शरीर से काफी खून निकल गया। जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गया है। मृतक के साथ गए लोगों ने परिजनों को गुरुवार की शाम घटना की जानकारी दी, वहीं घटना की जानकारी के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का शव कल पैतृक गांव के लिए रवाना होगा।

### नशा खुरानी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, एक आरोपी अब भी फरार



**अररिया, एजेंसी।** अररिया के पलासी थाना की पुलिस ने नशा खुरानी गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसपी अमित रंजन ने बताया कि दो दिन पहले पश्चिम बंगाल के रहने वाले कबाड़ व्यवसायी को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया था और फिर लूट की घटना को अंजाम दिया था। घटना पलासी थाना क्षेत्र के मैना मोड़ के पास की है। पुलिस ने इनके पास से लूटी हुई बाइक, स्मार्टफोन और दो हजार रुपए बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक अन्य बाइक को भी जब्त किया है। गिरफ्तार दोनों बदमाश मो इश्तियाक और जीतन मंडल पलासी थाना क्षेत्र के काशीबाड़ी का रहने वाले है। एसपी ने आगे बताया कि इस कांड में शामिल एक अन्य आरोपी का नाम और पता का सत्यापन किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं कार्रवाई करने वाली टीम में पलासी थाना प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर मिथिलेश कुमार, पलासी थाना के अवर निरीक्षक अमित कुमार और मसरूर आलम शामिल थे।

### चोरी की स्कॉर्पियो के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर/बंदरा, एजेंसी।** हत्था थाने की पुलिस ने चोरी की स्कॉर्पियो के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थाना पर गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए थानाध्यक्ष शशिरंजन ने बताया कि बुधवार दोपहर वाहन चेकिंग के दौरान सकरी मन में एक अनाज गोदाम के समीप से स्कॉर्पियो पर सवार दो व्यक्ति गाड़ी को घुमाकर भागना चाहा, जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। जांच में स्कॉर्पियो चोरी की निकली, जो तीन जून को समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। मामले में कोयलाम के रामनरेश पासवान ने केस दर्ज कराया था। गिरफ्तार दोनों बदमाश समस्तीपुर जिला अंतर्गत कल्याणपुर थाने के सुरेश राय का पुत्र देवेंद्र राय व चकमेहसी थाने के सैदपुर के दीपन राय का पुत्र विजय कुमार बताया जाता है। संबंधित थाने को सूचना दे दी गई है।

### स्वास्थ्य विभाग में 45 हजार पदों पर निकलेगी वैकेंसी :विभाग की बैठक में लिया गया निर्णय

**पटना, एजेंसी।** बिहार स्वास्थ्य विभाग में जल्द 45 हजार पदों के लिए वैकेंसी निकलने वाली है। राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता के खत्म होते ही कल गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे की ओर से स्वास्थ्य विभाग सभागार में एक बैठक की गई है। इस बैठक में प्रदेश के युवाओं को जॉब देने के लिए निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्ता सरकार की पहली प्राथमिकता बताया। स्वास्थ्य विभाग में मुख्यालय स्तर से लेकर क्षेत्रीय एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र स्तर तक की सभी रिक्त पदों पर चार माह के अंदर नियुक्ति करने का निदेश स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया।

# नीतीश सरकार का प्लान - अब घर पर होगा आपके पशुओं का इलाज



**पटना, एजेंसी।** बिहार में अक्टूबर तक पशुपालकों के दरवाजे पर ही गाय, भैंस सहित अन्य पशुओं के इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। प्रत्येक प्रखंड में एक-एक पशु एंबुलेट्री वैन रहेगी। यह मोबाइल पशु चिकित्सा क्लीनिक का काम करेगी। प्रत्येक एंबुलेट्री वैन में एक पशु चिकित्सक, पशु चिकित्सा सहायक और एक ड्राइवर कम अटेंडेंट होंगे। सात निश्चय पार्ट 2 के तहत यह काम होगा। संविदा पर सभी प्रखंडों के लिए 534 पशु चिकित्सक नियुक्त होंगे। उनको प्रति माह 65 हजार मानदेय मिलेगा। पशु चिकित्सा सहायक और एंबुलेट्री वैन चलाने के लिए ड्राइवर चयनित एजेंसी के माध्यम से लिया जाएगा। टोल फ्री नंबर से पशु के बीमार होने की सूचना मिलते ही एंबुलेट्री वैन पशुपालकों के द्वार पर पहुंच जाएगी। इस योजना के लिए 355 करोड़ का प्रावधान किया गया है। एक एंबुलेट्री वैन की कीमत 16 लाख रुपये है। सात निश्चय पार्ट 2 के तहत इस योजना का क्रियान्वयन किया जाना है। पशु व मत्स्य संसाधन विभाग ने इसके लिए तैयारी तेज कर दी है। एंबुलेट्री वैन संचालन में केंद्र और राज्य सरकार दोनों की भूमिका है। 307 प्रखंडों में केंद्र सरकार जबकि 207 प्रखंडों में राज्य सरकार के माध्यम से एंबुलेट्री वैन की खरीद की जा रही है। 20 वैन राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत खरीदी जाएगी।

### टीकाकरण में मिलेगी मदद

पशुओं को विभिन्न रोगों के बचाव के लिए टीकाकरण योजना क्रियान्वयन में भी मदद मिलेगी। समय पर टीकाकरण कार्य पूरा करने में इससे काफी मदद मिलेगी। एंबुलेट्री वैन पशुओं का टीकारण सुरक्षित तरीके से पहुंचाने में सहायक होगी।

### कृत्रिम गर्भाधान की भी सुविधा मिलेगी

एंबुलेट्री वैन में माइक्रोस्कोप सहित पशुओं के इलाज के लिए जरूरी उपकरण भी रहेंगे। पशुओं के इलाज के लिए सामान्य पैथोलॉजी की सुविधा रहेगी। आवश्यक दवाएं भी उपलब्धता रहेंगी। कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा भी होगी। इससे कृत्रिम गर्भाधान के लिए पशुओं को पशु अस्पताल लाने की आवश्यकता नहीं होगी। पशुपालकों को जागरूक करने के लिए आडियो-विजुअल विज्ञापन के साथ जीपीएस ट्रैकिंग की भी व्यवस्था होगी।

## होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला व्यवसायी का शव


**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** हाजीपुर निवासी व्यवसायी अशरफ अली का शव गुरुवार शाम छह बजे भगवानपुर स्थित एक होटल के कमरा नंबर 303 में फंदे से लटका हुआ मिला। होटल कर्मियों ने शव देखने के बाद सदर थाने की पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फंदे से लटके हुए शव को उतारा। पोस्टमार्टम के लिए शव को एसकेएमसीएच भेजा गया है। होटल के कमरा की जांच एफएसएल से कराई जा रही है। होटल के स्टाफ धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अशरफ उसके होटल के पुराने ग्राहक थे। मार्केटिंग के लिए जब भी मुजफ्फरपुर आते थे तब वे इसी होटल में रुकते थे। पिछली बार 12 मई को इस होटल में ठहरे थे। दो दिनों पहले होटल में आए तो उनके लिए कमरा नंबर 303 बुक किया गया था। वह बुधवार को काम से बाहर निकले तो शाम में लौटे। गुरुवार सुबह में वह नहीं जगे। होटल स्टाफ कमरा साफ करने गया तो गेट नहीं खुला। तब मैनेजर को लगा कि सोए हुए हैं इसलिए डिस्टर्ब नहीं किया जाए। शाम तक होटल का न तो कमरा खुला और नहीं अशरफ बाहर निकले। शाम में लाइट जलाने के लिए धीरेंद्र पैसेज में आए तो उन्होंने अशरफ के रूम का गेट खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर धीरेंद्र ने गेट को धक्का देकर खोला। गेट खुलते ही फंदे से लटके हुए शव को देखा। रस्सी के फंदे से पंखा में शव लटक रहा था। पंखे पर फंदा लगाने के लिए कुर्सी लगाई गई थी। कुर्सी से नीचे अशरफ का पांव नीचे लटक रहा था। सदर थानेदार अस्मित कुमार ने बताया कि अशरफ का आधार कार्ड लिया गया है। उस पर भी पता हाजीपुर लिखा है। पूरा पता नहीं है। संपर्क नंबर दिया गया है वह स्वीच ऑफ है। होटल कर्मियों से पूछताछ की गई है। उसके बैग से भी कोई ऐसे कागजात नहीं मिले जिससे उसकी पहचान हो पाती। शव को कब्जे में लेकर कमरे की एफएसएल से जांच कराई जा रही है। उसका मोबाइल लॉक है, उसे खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

## लखीसराय में ट्रेन में लगी आग, दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय में किउल रेलवे स्टेशन पर खड़ी मेमू ट्रेन में गुरुवार को अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे ट्रेन की कई बोगियों को चपेट में ले लिया। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर लखीसराय से आठ और जमुई से दो दमकल की गाड़ियां बुलाई गई। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि ट्रेन संख्या 13028 पटना-जसीडीह मेमू किउल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर खड़ी थी। थोड़ी देर में ट्रेन जसीडीह के लिए रवाना होने वाली थी। ट्रेन के अंदर कुछ पैसेंजर्स भी बैठे थे। करीब साढ़े 5 बजे ट्रेन से धुंआ उठा और देखते-देखते ट्रेन से आग की लपटें उठने लगीं। इसे देखकर ट्रेन में बैठे यात्री नीचे उतर कर इधर-उधर भागने लगे। इससे प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी मच गई। रेलवे अधिकारी ने बताया कि बैट्री पैनल में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। फिलहाल, आग पर काबू पाने के बाद मामले की जांच की जाएगी।

**एक बोगी पूरी तरह जल गई :** रेल डीएसपी इजाज हाफिज मानी ने बताया कि ट्रेन में ब्रेक पॉइंट से धुआं उठने की संभावना जताई जा रही है। आग लगने के अन्य कारणों का भी पता लगाया जा रहा। किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई है। एक बोगी पूरी तरह से जल गई है। बगल की बोगी भी जली है।

**बचाव कार्य में जुटे रेलवे अधिकारी :** आग लगने की सूचना पर स्टेशन के अधिकारी, आरपीएफ और जीआरपी जवान मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जुट गए। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने



बताया कि ट्रेन में ब्रेक प्वाइंट से धुआं उठने की संभावना जताई जा रही है। आग लगने के अन्य कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।

**खाली कराया गया कोच :** लोको पायलट अविनाश कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। आग लगने की सूचना पर अनाउंसमेंट करके कोच को खाली कराया गया।

**आग लगने से ट्रेन परिचालन पर भी पड़ा असर :** पटना-जसीडीह मेमू में आग लगने से ट्रेनों के परिचालन पर भी असर पड़ा है। रेलवे अधिकारी ने बताया कि डाउन में पाटलिपुत्र एक्सप्रेस एक घंटा विलंब से चलकर किऊल पहुंची। वहीं, दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को हथिदह स्टेशन पर रुकी रही। मिथिला एक्सप्रेस को बड़हिया स्टेशन पर खड़ी रही। हालांकि, आग पर काबू पाने के बाद शाम साढ़े सात बजे के बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य कर दिया गया है।

## बालू माफिया पर नीतीश सरकार कसेगी पूरी नकेल, गूगल मैपिंग कर घाटों की ऑनलाइन निगरानी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में बालू माफिया की अब खैर नहीं। सरकार इसके लिए फुलप्रूफ प्लान बना रही है। सोन नदी के पूरे तट की गूगल से मैपिंग होगी। बालू के अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए विभाग ऑनलाइन निगरानी की व्यवस्था करने जा रहा है। खान एवं भूतत्व विभाग चौकसी बरतने की कर रहा तैयारी कर रहा है। पटना से लेकर रोहतास तक सोन नदी तटबंध की लंबाई करीब 150 किमी है। गूगल के ऑनलाइन मैप की मदद से पूरे इलाके की सघन फोटोग्राफी करवाई जाएगी। बालू के अवैध खनन की अधिक संभावना वाले स्पॉट को चिह्नित किया जाएगा। इन स्थलों का गूगल की मदद से को-ऑर्डिनेट (अक्षांश एवं देशांतर बिन्दु) भी लिया जाएगा। इससे अवैध खनन वाले स्पॉट को चिह्नित करने में मदद मिलेगी। इसका लाभ यह होगा कि त्वरित कार्रवाई के लिए इन स्थानों तक गूगल मैप या जीपीएस की मदद से आसानी से पहुंचा जा सकेगा। इन सभी चुनिंदा स्थलों पर कैमरे लगाए जाएंगे। इन्हें विभाग में मौजूद कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा। इससे सभी संवेदनशील स्थानों की समुचित निगरानी हो सकेगी। इन कैमरों को सैटेलाइट या मोबाइल के जरिए जोड़कर निगरानी करने की व्यवस्था बहाल करने पर भी विचार किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर विभाग मंथन करने में जुटा है। सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद जल्द ही इसे अमलीजामा पहनाया जाएगा।

### यहां के बालू की मांग अधिक

सोन नदी का बालू सबसे बेहतरीन माना जाता है। यह बालू हल्का लाल और सुनहरे रंग का होता है। ढलाई और प्लास्टर दोनों के लिए काफी उपयुक्त है। इसकी मांग सबसे ज्यादा है। इसकी कीमत भी गंगा की सफेद रेत से दो से ढाई गुणा अधिक होती है। इसके करीब 130 से 140 घाटों पर अभी खनन कार्य चल रहा है।



### आधा राजस्व सोन से

खनन विभाग को इसी नदी घाट से सबसे ज्यादा राजस्व की प्राप्ति होती है। बीते वित्तीय वर्ष में बालू खनन से करीब 3300 करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली की गई थी। इसमें 50 से 55 फीसदी राजस्व इसी नदी घाटों से आता था। पूरे राज्य में रोजाना करीब 50 से 55 हजार चालान जारी होता है। इसमें करीब आधे चालान इन इलाकों के होते हैं। एक बालू लदे वाहन के लिए एक चालान जारी किया जाता है। यह ट्रक या ट्रैक्टर भी हो सकता है।

# नेशनल हाईवे के मामले में बिहार फिसड्डी ? 1 हजार करोड़ नहीं हुए खर्च



**पटना, एजेंसी।** बिहार में नेशनल हाईवे (राष्ट्रीय उच्च पथ) मद में मिलने वाली राशि ससमय खर्च नहीं हो पा रही है। बीते दस वर्षों में जो पैसा बिहार को मिला, उसमें से अब भी एक हजार करोड़ बचे हुए हैं। यह स्थिति तब है जब देश के कुल एनएच में बिहार की भागीदारी अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2014-15 में बिहार को एनएच निर्माण के लिए विभिन्न योजनाओं में 666.67 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे। इसमें से 560.73 करोड़ ही खर्च हो सका। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2015-16 में 826.9 करोड़ में से 767.38 करोड़ खर्च हुए। वित्तीय वर्ष 2016-17 में 1480.92 करोड़ में से 1431.79 करोड़ तो 2017-18 में 1775.12 करोड़ में से 1706.89 करोड़ ही खर्च हो सके। वहीं, 2018-19 में 1633.47 करोड़ में से 1599.7 करोड़ ही खर्च हो सके। आगे के वर्षों का भी कुछ ऐसा ही अनुपात है। कुल मिलाकर पिछले 10 वर्षों में बिहार को विभिन्न मदों से एनएच बनाने को 17045.37 करोड़ मिले, जिसमें से मात्र 15971.49 करोड़ रुपये ही खर्च हो सके। खर्च नहीं होने वाली राशि 1073.88 करोड़ में से अकेले विगत वित्तीय वर्ष की एक तिहाई से अधिक 396.54 करोड़ है। एनएच निर्माण मद का पैसा खर्च नहीं होने के कारण बिहार में एनएच की लंबाई अपेक्षा के अनुरूप नहीं बढ़ पा रही है। बिहार में अभी एनएच की कुल लंबाई 5955.95 किलोमीटर है। देश के कुल एनएच में बिहार की भागीदारी मात्र 4.04 फीसदी है। यही नहीं साल दर साल एनएच के मामले में बिहार की भागीदारी कम ही होती जा रही है। वर्ष 2005 में देश के कुल एनएच में बिहार की भागीदारी 5.4 फीसदी थी जो घटकर 4.04 फीसदी हो गई है।

### बिहार में प्रति लाख आबादी पर 4.54 किमी एनएच

आबादी के दृष्टिकोण से देखें तो एक लाख की आबादी पर एनएच का राष्ट्रीय औसत 10.90 किलोमीटर है। सबसे अधिक अरुणालच प्रदेश में एक लाख की आबादी पर 183.5 किलोमीटर एनएच है। दूसरे पायदान पर मिजोरम में 130.4 किलोमीटर और तीसरे पायदान पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह में 87 किलोमीटर एनएच है। बिहार में एक लाख की आबादी पर मात्र 4.54 किलोमीटर ही एनएच है। राज्य के पड़ोसी राज्यों झारखंड, पश्चिम बंगाल की स्थिति बिहार जैसी ही है।

### महाराष्ट्र में सर्वाधिक 17 हजार 757 किमी एनएच

बिहार में प्रति हजार वर्ग किलोमीटर 63.24 किलोमीटर एनएच है। देश में सबसे अधिक महाराष्ट्र में 17 हजार 757 किमी एनएच है। कुल एनएच में इसकी भागीदारी 13.40 फीसदी है। दूसरे पायदान पर उत्तर प्रदेश में 11 हजार 737 किलोमीटर है और कुल एनएच में इसकी भागीदारी 8.86 फीसदी है। तीसरे पायदान पर राजस्थान में 10 हजार 342 किलोमीटर एनएच है और देश में इसकी भागीदारी 7.81 फीसदी है। क्षेत्रफल की दृष्टि से देखें तो प्रति हजार वर्ग किलोमीटर सबसे अधिक एनएच 196.4 किलोमीटर एनएच दमन और दीव में है। दूसरे पायदान पर 134 किमी एनएच चंडीगढ़ तो तीसरे पायदान पर दिल्ली में 105.9 किमी है। देश का औसत 39.90 किलोमीटर है।

# माले के तत्वाधान में निकला न्याय मार्च फर्जी मुकदमा वापस करने का मांग

चाणक्य भूमि बेतिया/बैरिया

इंडिया महागठबंधन और मुखिया महासंघ, पश्चिम चम्पारण के नेतृत्व में सैकड़ों लोग बेतिया शहर में न्याय मार्च निकाल कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सभा किया और एक प्रतिनिधिमंडल जिला पदाधिकारी के अनुपस्थित में एक डी एम राजीव कुमार सिंह को स्मार पत्र दे मुकदमा वापस लेने का बात कहा। भाकपा माले विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने कहा केन्द्र सरकार जिस तरह अपने राजनीतिक विरोधियों को ई०डी०. सी० बी० आई, आई० बी० व अन्य संस्थाओं के द्वारा डरा धमका फर्जी मुकदमों में जबरन जेल भेज रही है वैसे ही यहां भाजपा अपने राजनीतिक विरोधी




पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं को प्रशासन को मेल में लेकर मुकदमा द्वारा प्रताड़ित कर रही है। विगत लोकसभा चुनाव में एन० डी० ए० प्रत्याशी के खिलाफ इंडिया महागठबंधन के लिए चुनाव प्रचार-प्रसार करने के वजह से चुनाव प्रक्रिया के दौरान ही भाजपा सांसद संजय जयसवाल और नौतन विधायक नारायण प्रसाद द्वारा भाकपा

**• भाजपा सांसद संजय जायसवाल द्वारा राजनीतिक द्वेष से कराये गये बैरिया थाना काण्ड संख्या- 179/24 वापस नहीं लेने तक आंदोलन जारी रहेगाः वीरेंद्र गुप्ता**

(माले) नेता और मुखिया नवीन कुमार के पंचायत पर जाँच बैठवा दिया गया। चुनाव बितते बैरिया थाने में काण्ड संख्या- 179/24 दर्ज करा दिया गया। मुखिया महासंघ के जिला अध्यक्ष अफसर इमाम ने कहा पूर्व में भी नौतन विधायक द्वारा पटना में प्रधान सचिव, उप मुख्यमंत्री को आवेदन देकर बैरिया पंचायत का जाँच कराया जा चुका है। जाँच में उनका आरोप निराधार निकला। आपको बता दें कि बैरिया थाना परिसर में नवम्बर में पन्द्रवी वित्त आयोग मद से ग्राम पंचायत द्वारा छठ घाट, सीढ़ी निर्माण कराया गया। उसी तालाब के किनारे पंचायत समिति मद से तालाब से मिट्टी काटकर छठा वित्त आयोग मद द्वारा छठ घाट बनाया गया तथा ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा द्वारा छठ घाट केप्रांगण में मिट्टी भराई तथा पेबर ब्लॉक का कार्य कराया गया है। पंचायती राज का कार्य पंचायत सेवक, पंचायत रोजगार सेवक, कनीय अभियन्ता, मनरेगा के पी० ओ० कराते है। लेकिन सांसद और विधायक के दबाव में मुखिया पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। बैरिया पंचायत के मुखिया नवीन कुमार पर हुए अवैध खन्न मामले में मुकदमे वापसी को लेकर बैरिया से माले के तत्धवान में शुक्रवार को बैरिया से न्याय मार्च निकाला गया। मार्च में पुरुषों से अधिक महिलाएं शामिल रही। इसकी जानकारी देते हुए माले ठाकुर साह ने बताया कि बिते 27 मई को सांसद और विधायक के प्रभाव में आकर बैरिया थाने में कांड संख्या 179/24 दर्ज कराया गया है। उक्त मामले को वापसी को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जायेगा, जिसको लेकर बैरिया से न्याय मार्च निकाला गया। शिवप्रसन मुखिया,बाली चौधरी,प्रेम कुमार,प्रभावती देवी,मालती देवी,रामवती देवी,सुशीला देवी सहित दर्जन महिला पुरुष मौजूद रहे।

# शादी के नियत से युवती के अपहरण को ले पांच लोगों पर केस दर्ज

चाण्क्य भूमि (मैनाटाड़ )

इनरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से अठारह वर्षीय युवती का अपहरण कर लिया गया है। मामले को लेकर पांच लोगों पर केस दर्ज हुआ है। अपहृत युवती के पिता ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि मेरी अठारह वर्षीय पुत्री शौच के लिए सरेह में गयी थी।उसी समय भंगहा थाना क्षेत्र के जबदी गांव निवासी अलाउद्दीन उर्फ अंगुर मियां, सलाउद्दीन मियां,कलामुद्दीन मियां,शेर महमद मियां और ताजमहमद मियां के द्वारा मिलकर अलाउद्दीन मियां से शादी कराने के लिए अपहरण कर लिये।जब मेरी बेटी घर पर नहीं आयी तो पूछताछ के लिए जब उन लोगों के पास गये तो गाली गलौज करते हुये जान मारने की धमकी देते हुये भगा दिये। वहीं इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले को लेकर अपहरण के सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।अपहृत युवती के बरामदगी और कांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।






# पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

चाणक्य भुमि योगापट्टी सवंददाता

योगापट्टी थाना क्षेत्र के पटहेरवा मोड़ समीप जहां अहले सुबह घर से टहलने के लिए निकले हुए तीन युवक को पिकप ने पीछे से टक्कर मारी। उक्त घटना में सभी युवक घायल हो गए, तीनों को स्थानीय पीएचसी योगापट्टी अस्पताल में इलाज हेतु स्थानीय लोगो द्वारा लाया गया। जहां एक युवक की स्थिति गंभीर होता देख चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर किया। गंभीर युवक को बेतिया इलाज हेतु लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे देख मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय



योगापट्टी थाना ने मृत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लाया। मृत युवक की पहचान योगापट्टी थाना क्षेत्र के बेलबनवा गांव वार्ड 15 निवासी ललन यादव के 35 वर्षीय पुत्र प्रदीप यादव के रूप में हुई है। योगापट्टी पीएचसी में अन्य दो घायलों को

**• पिकअप ने अहले सुबह टहल रहे युवको को पीछे से मारी टक्कर, तीन युवक घायल, इलाज क्रम में एक कि मौत, जीएमसीएच कराया गया पोस्टमार्टम**

भर्ती किया गया है जिनमे अकबर मियां, व ननू मास्टर के नाम बताए जा रहे हैं। बता दे कि घटनास्थल से घटनाकरित वाहन एवं चालक फरार है। घटना अहले सुबह 4 बजे की बताई जा रही है। मृत युवक प्रदीप यादव एक शादी सुदा थे और उनके तीन पुत्री व एक पुत्र है, इस घटना से मृत परिजनों में शोक छाया हुआ है।

# कलयुगी भांजे ने गलत आरोप लगा कर मामा को भेजवाया जेल

चाणक्य भुमि,योगापट्टी

योगापट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत महावीर पुर में ग्रामीणों ने पुलिस के विरुद्ध आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पुलिस ने आधी रात को आकर शरीफ मियां एवं नसीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिए । शरीफ मियां की पत्नी शायदा खातून ने बताया कि आधी रात को जोगापट्टी थाना की पुलिस आई और दरवाजा खटखटाना लगे जब दरवाजा खोला तो पुलिस ने शरीफ मियां एवं नसीम अंसारी के बारे में पूछा और कहा कि आपके घर में शराब है। ये दोनों लोग शराब का कारोबार करते हैं। मेरे पति एवं पुत्र



को पुलिस थाने पर ले गई। वहां पर पूछने पर पुलिस ने बताया कि इन दोनों पर मारपीट करने का आरोप लगा है। जबकि प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि जिस घटना का जिक्र फर्द व्यान में किया गया है। ऐसी घटना घटी हीं नहीं हैं। यहां पर कोई मारपीट नहीं हुई हैं। उस दिन शरीफ मियां अपने दुकान में सिलाई

**• पुलिस बिना सुपरविजन किए ही किया गिरफतार**

कर रहे थे और नसीम अंसारी ट्यूशन पढ़ा रहा था। दरअसल मामला हिस्सेदारी का हैं। बलुआ निवासी ग्यासुद्दीन अंसारी रिश्ते में शरीफ मियां का भांजा लगता हैं। अपनी मृतक मां के हिस्सा की जमीन को लेने के लिए यहा सारा खेल अपने से रचकर दोनों को जेल भिजवाया है। पुलिस 27 मई को कांड संख्या 183/24 दर्ज करती हैं और उसी आधी रात को बिना सुपरविजन किए गिरफ्तारी की हैं। हमलोग प्रशासन से न्याय की मांग करते हैं।






# मझौलिया की छात्रा ने नीट की परीक्षा में 95%अंक लाकर लहराया परचम



चाण्क्य भूमि

**मझौलिया।** परिश्रम कभी बेकार नही जाता।इसको पूरा कर दिखाया है मझौलिया के एक शिक्षक की पुत्री आरती ने। नीट की परीक्षा में प्रखंड के मझौलिया गांव निवासी शिक्षक मुरारी प्रसाद चौरसिया की पुत्री आरती कुमारी ने नीट की परीक्षा में 94.58 प्रतिशत अंक लाकर जिला का नाम रौशन किया है।वह अपने माता पिता और गुरुजनों को अपना आदर्श बताया है। बताते चले कि आरती कुमारी मझौलिया गावं निवासी मुरारी प्रसाद चौरसिया की पुत्री है। इसकी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक विद्यालय मझौलिया बाजार से शुरू हुई। उसने मैट्रिक मोतीलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौलिया से पास की।शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय मझौलिया बाजार के शिक्षकों ने सम्मान समारोह का आयोजन कर छात्रा आरती को सम्मानित किया। फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उसे सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दीनानाथ सिंह, साहब लाल चौरसिया, कृष्ण मोहन प्रसाद चौरसिया, तबरेज अहमद, शमशाद आलम, लीला देवी,शाहबानो आदि शामिल रहे।

# प्रखण्ड परिसर के सभागार में मुखिया संघ की बैठक कई मुद्दों पर हुई चर्चा

चाण्क्यभूमि मझौलिया

प्रखण्ड परिसर के सभागार में मुखिया संघ की सम्पन्न बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी।वक्ताओं ने कहा कि पर्याप्त राशि के अभाव में पंचायत का विकास संभव नही है।निर्धारित सरकारी दर बाजार मूल्य से बहुत कम है,नतीजतन सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन असंभव है।

बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष हरिलाल यादव ने की।उन्होंने कहा कि पंचायतों में सरकार द्वारा योजनाओं की मिलने वाली राशि बाजार मूल्य की तुलना में बहुत ही कम है।जिससे पंचायतों निर्माण कार्य बाधित है। विकास कार्य कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि जब तक सरकार द्वारा योजनाओं की राशि मे बढ़ोतरी नही की जाती है तबतक मुखिया काम विकास कार्य नही करेंगे।उन्होंने कहा कि प्राक्कलितराशि मे में सीमेंट का दर 234 रुपया है, जबकि मार्केट में 400 रुपया है।ईट का दर 5200 रुपये है तो बाजार मूल्य 8 हजार से 10 हजार रुपये है। मजदूरी 300 से 400 रुपया निर्धारित है, जबकि 400 से 600 रुपये देने पड़ते है। मुखिया संघ ने बताया कि बिहार सरकार की



योजना अंतर्गत सोलर और स्ट्रीट लाइट लगाये जाने का स्किम चलाया गया है। जिसमें प्रखंड की अधिकतर पंचायत में एक से लेकर करीब 4 वार्ड तक स्ट्रीट लाइट और सोलर लाइट लगा है।जिसमें आधा से ज्यादा खराब है और जलता नहीं है।जनप्रतिनिधियों कहना है कि प्रखंड क्षेत्र के 29 पंचायत में करीब सभी मुखियों के खाते से स्ट्रीट लाइट और सोलर लाइट के लिए रुपए की अग्रिम भुगतान कर ली गई है।परंतु सोलर लाइट नहीं लगा है।कहीं-कहीं लगा भी है तो वह सुचारू रूप से जल नहीं रहा है जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों में काफी नाराजगी है।जनप्रतिनिधियों ने बताया है कि इसको लेकर म कई बार प्रखंड के अधिकारियों को शिकायत की गई, परन्तु प्रखंड के अधिकारियों ने जिला के अधिकारियों से बात करने का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लिया जाता हैं।नल जल भी सुचारू रूप से नही चलने का आरोप मुखिया संघ ने लगाया।












# मोबाइल चोर गिरफ्तार,जेल

चाणक्यभूमि बैरिया

बैरिया थाना क्षेत्र में मोबाइल चोर को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला थाना क्षेत्र के तुमकडिया गांव की है। पुलिस को आवेदन देकर ईसराफील गद्दी ने बताया कि मेरे घर में बुधवार के शाम शाहिद आलम के 20 वर्ष से पुत्र परवेज आलम मोबाइल चोरी कर रहा था। तभी मेरे घर के परिजनों के द्वारा देखा गया हला करने पर चोर भागने लगा ग्रामीणों के सहयोग से चोर को पकड़ लिया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोर को अपने साथ थाना लाया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मोबाइल चोर से पूछताछ के बाद मामले में प्राथमिक की दर्ज कर शुक्रवार के दिन जेल भेजा जा रहा है।

# मुरारी बापू की रामकथा का सातवां दिन

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

कथा के सातवें दिन प्रभु श्रीराम के जन्म प्रसंग कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। श्रद्धालु बापू के मनोहारी वर्णन में ऐसे मुग्ध हुए मानो अयोध्या में श्रीराम का प्राकट्य साक्षात हो रहा हो। यज्ञ के प्रसाद में बनी खीर को राजा दशरथ ने अपनी तीनों रानियों को दी। प्रसाद ग्रहण करने के परिणामस्वरूप तीनों रानियां गर्भवती हो गईं। सबसे पहले महाराज दशरश की बड़ी रानी कौशल्या ने एक शिशु को जन्म दिया जो बेहद ही कान्तिवान, नील वर्ण और तेजोमय था। इस शिशु का जन्म चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। इस समय पुनर्वसु नक्षत्र में सूर्य, मंगल शनि, वृहस्पति तथा शुक्र अपने-अपने उच्च स्थानों में विराजित थे। साथ ही कर्क लग्न का उदय हुआ था। फिर शुभ नक्षत्रों में कैकेयी और सुमित्रा ने भी अपने-अपने पुत्रों को जन्म दिया। कैकेयी का एक और सुमित्रा के दोनों पुत्र



**• भये प्रगट कृपाला, दीन दयाला कौशल्या हितकारी**

बेहद तेजस्वी थे। दशरथ महाराज के चारों पुत्रों के जन्म से सम्पूर्ण राज्य में आनन्द का माहौल था। हर कोई खुशी में गन्धर्व गान कर रहा था और अप्सराएं नृत्य करने लगीं। देवताओं ने पुष्प वर्षा की। महर्षि वशिष्ठ ने महाराज के पुत्रों का नाम रामचन्द्र, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न रखा। परमा सती असुराधिप नारी। तेहिं बल ताहि न जिहिं पुरारि॥ वृंदा का विवाह असुरों के राजा जालंधर से हुआ। वृंदा के सतीत्व करण के कारण युद्ध में जालंधर को कोई नहीं हरा सकता था। सारे देवता भगवान श्री हरि के पास पहुंचे। श्री हरि ने क्षल से वृंदा के सतीत्व के कवच को समाप्त किया। छल करि तारु तासु ब्रत प्रभु सुर कारज कीन्ह। युद्ध में जालंधर मारा गया। वृंदा को पता चला तो उसने श्राप दे दिया, भगवान ने छल करके मेरे पति को दूर कर दिया एक दिन मेरा पति छल करके आपकी पत्नी को दूर कर देगा। रामजन्म की बधाई के साथ कथा का विराम राम जन्म का मंगल गान करने के बाद श्रोताओ को रामजन्म की बधाई के साथ कथा का विराम हुआ।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714